## विवाद के चलते शराबी ने कर दी छोटे भाई की हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र के गांव सेमरा से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक बड़े भाई ने अपने ही छोटे भाई की हत्या कर दी। यह झगड़ा आपसी विवाद के कारण हुआ और इसमें शराब की लत भी बड़ी वजह रही। पुलिस ने आरोपी बड़े भाई को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है। शहडोल जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र के गांव सेमरा में दो सगे भाइयों के बीच झगड़ा इतना बढ़ गया कि एक भाई की जान चली गई। पुलिस के मुताबिक, 50 साल के पुनवा बैगा और उसके 45 साल के छोटे भाई संजय बैगा के बीच अक्सर झगड़े होते थे। संजय को शराब पीने की बुरी लत थी, जिससे पूरा परिवार परेशान रहता था।

दो दिन पहले संजय शराब पीकर घर आया और बड़े भाई से झगड़ने लगा। नशे में वह लोहे की रॉड लेकर पुनवा को मारने दौड़ा। इस पर पुनवा ने रॉड छीनकर उल्टा संजय पर हमला कर दिया। संजय को सिर और शरीर में गंभीर चोटें आईं। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। डायल 100 पुलिस मौके पर पहुंची और संजय को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

डॉक्टरों ने बताया कि संजय की हालत पहले से ही गंभीर थी और ज्यादा खून बहने की वजह से उसे बचाया नहीं जा सका। डॉक्टरों ने इसकी जानकारी अस्पताल पुलिस चौकी को दी, फिर यह मामला बुढ़ार थाना तक पहुंचा। पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए बड़े भाई पुनवा बैगा के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

परिवार के लोगों ने बताया कि संजय की शराब की आदत ने सभी को काफी परेशान कर रखा था। उन्होंने कई बार उसे समझाया, लेकिन उसने अपनी आदतें नहीं बदलीं और आखिरकार उसकी जान भी इसी वजह से चली गई। बुढ़ार थाना प्रभारी संजय जायसवाल ने बताया कि आरोपी पुनवा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## सिंगरौली महोत्सव में पेंटिंग, रंगोली प्रतियोगिता के लिए पंजीयन प्रारंभ

**सिंगरौली, देशबन्धु।** सिंगरौली महोत्सव के आयोजन को लेकर जोर सोर से प्रारंभ हैं। कलाकारों के चयन के साथ ही सिंगरौली महोत्सव में होने वाली रंगोली और पेंटिंग प्रतियोगिता का पंजीयन भी प्रारंभ कर दिया गया है।

24 से 27 मई तक आयोजित होने वाले चार दिवसीय सिंगरौली महोत्सव में कला, संस्कृति, चित्रकला की बेजोड़ प्रस्तुति देखने को मिलेगी। रंगोली और पेंटिंग प्रतियोगिता में जो प्रतिभागी भाग लेना चाहते हैं वे ऑनलाइन अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन से जुड़ी जानकारी प्रतिभागी कलेक्ट्रेट के कक्ष नंबर 8 से प्राप्त कर सकते हैं।

महोत्सव के पहले दिन 24 मई को वॉलीवुड के जाने-माने गायककलाकार अपनी रंगारंग प्रस्तुति देंगे। महोत्सव में कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया जायेगा जिसमें देश के जाने-माने कवि अपने कविता पाठ से चार चॉद लगाएगे।

## जंगल में छुपा कर रखा गया तीन करोड़ का गांजा बरामद

**शहडोल, देशबन्धु।** थाना जयसिंहनगर अंतर्गत गश्त के दौरान ग्राम झिरियाटोला क्षेत्र में एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गिरूईखुर्द के जंगल में स्थित खेत के समीप, एक झोपड़ी के सामने की जमीन पर सफेद रंग की कई बोरियों में मादक पदार्थ गांजा लावारिस अवस्था में छिपाकर रखा गया है।

सूचना गंभीर और संवेदनशील होने के कारण तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया। सूचना के बाद थाना प्रभारी जयसिंहनगर के निर्देशन में पुलिस बल के साथ-साथ दो स्वतंत्र साक्षी एवं विवेचना किट के साथ टीम घटनास्थल पहुंची। मौके पर पहुंचने पर मुखबिर की सूचना अनुसार सफेद बोरियों में संदिग्ध मादक पदार्थ मिला। प्रारंभिक परीक्षण में पाया गया कि बोरियों में रखा पदार्थ गांजा है। कुल 121 बोरियों की गिनती की गई, जिन्हें क्रमांकित कर तौल कांटे से तौला गया। कुल वजन 38 क्विंटल 26 किलो 100 ग्राम प्राप्त हुआ, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत ?3,06,08,000/- (तीन करोड़, छह लाख, आठ हजार रुपये) आंकी गई है।

संपूर्ण मादक पदार्थ गांजा को साक्षियों की उपस्थिती में विधिवत सील बंद कर सुरक्षित थाना भिजवाया गया। जहाँ पंचनामा तैयार कर सभी बोरियों को पुलिस अभिरक्षा में जप्त किया गया। अब तक की विवेचना में यह स्पष्ट हुआ है कि अज्ञात आरोपियों द्वारा अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा छिपाकर रखा गया था। थाना जयसिंहनगर में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/20 आबकारी एक्ट के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर पत्ता-तलाश की जा रही है।

### सार-समाचार

## स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत स्कूली बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन




**सिंगरौली, देशबन्धु।** विंध्याचल नैगम सामाजिक दायित्व विभाग द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा -2025 के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सीएसआर विभाग द्वारा परियोजना के डीपीएस, डी-पॉल एवं सरस्वती स्कूल में अध्यनरत छात्र/छात्राओं हेतु स्वच्छता पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा कर्मचारियों हेतु स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इन दोनों प्रतियोगिताओं में विद्यालयों तथा कर्मचारियों से लगभग 600 से अधिक लोगों ने अति उत्साह के साथ भाग लिया एवं आकर्षक चित्र बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में स्वच्छता पर आधारित खूबसुरत चित्रकला बनाकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण एवं भारी संख्या मे छात्र छात्राएँ उपस्थित रही ।

## एनटीपीसी विंध्याचल में नवतरंग बैचलर आवास का उद्घाटन



**सिंगरौली, देशबन्धु।** विन्ध्याचल टाउनशिप में एक नए और आधुनिक रूप से सुसज्जित बैचलर आवास नवतरंग का उद्घाटन किया गया। इस खास अवसर पर श्री नसका श्रीनिवास राव, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) ने रिबन काटकर भवन का उद्घाटन किया। उनके साथ श्री ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विन्ध्याचल) भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। नवतरंग में कुल 30 कमरे हैं, जो न केवल अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त हैं बल्कि कर्मचारियों के लिए एक आरामदायक और सौम्य वातावरण भी प्रदान करते हैं। उद्घाटन से पहले विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की गई, जिससे वातावरण में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर श्री संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री डी.के. अग्रवाल, महाप्रबंधक(संविदा एवं सामग्री), श्री राजशेखर पाला, महाप्रबंधक(प्रचालन), श्री ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक(मेंटेनेंस एवं एडीएम) और श्री राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विन्ध्याचल) सहित कई वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त यूनियन और एसोसिएशन के प्रतिनिधि, मानव संसाधन, टीएडी और पीएंडएस विभागों के कर्मचारी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए और इस नई पहल की सराहना की।

## खेल विधाओं का दिया गया प्रशिक्षण

**शहडोल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण युवाओं को नि:शुल्क खेल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संभागीय मुख्यालय शहडोल के महात्मा गांधी स्टेडियम में कोच श्री धीरेंद्र सिंह (एन आई एस) एथलेटिक्स कोच द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार शासकीय रघुराज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल मैदान में युवाओं को कबड्डी खेल सहित अन्य खेल विधाओं का प्रशिक्षण युवाओं को दिया गया।

## कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

**शहडोल, देशबन्धु।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में आज कमिश्नर कार्यालय शहडोल के अमरकंटक सभाकक्ष में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में बुढ़ार के वार्ड नं 07 निवासी श्री प्रेमचन्द्र मिश्रा ने आपनी आयकर को पैन कार्ड में दर्शाने हेतु, गोहपारू तहसील की ग्राम पचांयत देवगढ़ निवासी श्री शैलेश कुमार मिश्रा ने बंद विद्युत सप्लाई को पुन: चालू कराने बावत, सफीका बेगम पति शेख निजाम निवासी वार्ड नं. 19 धनपुरी ने गरीबी रेखा (बीपीएल) का कार्ड बनवाने हेतु, श्रीमती ऊषा सिंह सेवा निवृत्त पर्यवेक्षक बाल विकास परियोजना सोहागपुर शहडोल ने समयमान, वेतनमान संशोधित कराने हेतु, अनूपपुर जिले के विकास खंड जैतहरी की ग्राम पंचायत ताराडाड़ निवासी श्रीमती दशोरिया कोल ने पेयजल संकट को दूर करने हेतु आवेदन कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता को दिए।

## तीन मौतों के बाद बढ़ाई गश्त

### हाथियों के लिए भेजी 30 सदस्यीय रेस्क्यू टीम

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले में विगत दिवस ब्यौहारी वनपरिक्षेत्र अंतर्गत जंगली हाथियों के पैरों तले दबने से तीन लोगों की मौत हुई थी। जिन क्षेत्रों में यह घटना घटी थी वहां वन विभाग द्वारा अलर्ट जारी कर गश्त बढ़ा दी गई है। बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व उमरिया से 30 सदस्यीय रेस्क्यू दल भेजा गया है। जिसमें दो हाथी दल तथा पिंजरा भी शामिल है।



शहडोल जिले के ब्यौहारी क्षेत्र में जंगली हाथियों के हमले से तीन ग्रामीणों की मौत के बाद वन विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। सोमवार को सनौसी और डोडा के जंगल में हुई इस घटना के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जांच के निर्देश दिए।

आठ सदस्यीय विशेष टीम का गठन

वन विभाग ने आठ सदस्यीय विशेष टीम का गठन किया है। इसमें संजय टाइगर रिजर्व और बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक, उपसंचालक और डॉक्टर शामिल हैं। रेस्क्यू के लिए दो हाथियों को चिन्हित किया गया है। संजय टाइगर रिजर्व की टीम इन हाथियों पर निगरानी रख रही है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, हाथियों को छेड़ने, खदेड़ने या परेशान करने पर वे आक्रामक हो जाते हैं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उपसंचालक पीके वर्मा ने कहा कि रेस्क्यू टीम पूरी तरह तैयार है और सतर्क निगरानी के साथ रेस्क्यू अभियान चलाया जाएगा।

## नदी किनारे मिले प्रेमी-प्रेमिका के शव, पांच दिन से थे लापता

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के मानपुर थाना अंतर्गत मानपुर से महज दो किमी दूर बनवेई नदी के किनारे झाड़ियों में एक युवक और एक युवती का शव पाया गया है। इस बारे में कहा जा रहा है कि मरने वाले प्रेमी और प्रेमिका थे जो पिछले लगभग एक सप्ताह से लापता थे। युवक और युवती के नाम शिवम पिता संतोष साहू उम्र 24 निवासी ग्राम दुलहरा और मनोरमा पिता अनिल बर्मा उम्र 19 वर्ष निवासी मानपुर बताए गए हैं। युवक और युवती के शव लगभग पचास मीटर की दूरी पर पाए गए हैं और उस चोट के निशान भी हैं। बताया गया है कि शव बुरी तरह से खराब हो गए हैं और उन्हें जानवरों ने भी जमकर नोचा है।

दोनों प्रेमियों की मौत किन परिस्थितियों में हुई है, फिलहाल साफ नही है। घटना की जानकारी के बाद घटना स्थल पर पहुंचकर मानपुर पुलिस जांच में जुट गई है। पीएम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया है। खबर है कि दोनों प्रेमी पिछले पांच दिनों से लापता रहे हैं। ऐसे में सन्दिग्ध परिस्थितियों में इन दोनों प्रेमियों का शव मिलना गम्भीर अपराध की ओर इशारा कर रहा है। शरीर के कई अंग शव से पृथक भी है। हालांकि पुलिस ने अभी इस मामले में कुछ भी नहीं कहा है और जांच के बाद सच्चाई सामने आने की बात कही जा रही है।

यह अनुमान लगाया जा रहा है कि यह मामला ऑनर किलिंग का हो सकता है। हालांकि इस अनुमान में भी यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि ऐसा किस पक्ष के लोग कर सकते हैं। हो सकता है यह अनुमान गलत भी हो लेकिन पुलिस जिस एंगल से जांच कर रही है उसमें यह महत्वपूर्ण है। यह जानकारी भी सामने आई है कि शिवम और मनोरमा के रिश्ते को लेकर पहले भी विवाद की स्थिति निर्मित हो चुकी थी इस लिए इस बारे में पुलिस विचार कर रही है।

मानपुर क्षेत्र में अंधी हत्याओं का बढ़ता ग्राफ बड़े सवाल खड़ा कर रहा है। अभी हाल के महीनों में ग्राम नरवार में शिकारियों द्वारा फैलाये गए करेंट से दो युवकों की मौत और उसके बाद ग्राम खिचकीड़ी में चतुर्भुज मंदिर के नज़दीक धारदार हथियार से शहडोल जिले के युवक की हत्या कर दी गई थी। उसके बाद अब इन दोनों प्रेमियों की सन्दिग्ध मौत बड़ा सवाल है। मानपुर क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अपराध की वजह से पुलिस की कार्यप्रणालि पर भी सवाल उठने लगे हैं।

## चलाया जांच अभियान चार बसों से वसूला जुर्माना




**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले में परिवहन विभाग ने मंगलवार को मानपुर तिराहे पर बसों की जांच अभियान चलाया।

इस दौरान चार बसों को बिना वैध दस्तावेजों के संचालन करते पाया गया। एमपी 09 एफए 4533, एमपी 22 पी 0432 और एमपी 53 पी 0635 नंबर की बसों पर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

एमपी 17 पी 0510 नंबर की बस पर 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। परिवहन अधिकारी संतोष पाल के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में कुल 45 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। सभी बसें बिना फिटनेस प्रमाण-पत्र और परमिट के संचालित की जा रही थीं।

## पाली पोस्ट आफिस का भवन जर्जर

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के बिरसिंहपुर पाली में स्थित पोस्ट आफिस भवन इन दिनों जर्जर हालत में तब्दील हो चुका है यहां हर पल खतरे के बीच कर्मचारी काम करते हैं साथ ही पोस्ट आफिस में विभिन्न प्रकार की सेवाओं के लिए उपभोक्ताओं व धारकों का भी दिन भर आना जाना लगा रहता है लेकिन भवन के हालात देखकर भय का साया हर समय मंडराता नजर आता है।



इस दौरान भवन की दीवारों में बड़ी बड़ी दरारें बनी हुई है एवं प्लास्टर दीवालों से टूट टूट कर गिर रहा है। पर इस कार्यालय की सुध लेने वाला कोई जिम्मेदार न सामने आया है न ही कोई सुव्यवस्थित व्यवस्था की जा रही है जबकि इस कार्यलय से महीने में कई लाखों का लेन-देन होता है शासन को अच्छा खासा मुनाफा भी होता है पर इस भवन की दशा दुर्दशा की सुध किसी को नहीं है।

इस मामले की लिखित एवं मौखिक जानकारी अपने उच्च अधिकारियों को कई बार वर्तमान पोस्ट मास्टर के द्वारा दी गई लेकिन आज दिनांक तक जिम्मेदारों के द्वारा उपभोक्ताओं को सिर्फ आश्वासन ही मिला क्योंकि अव्यवस्था ज्यों की त्यों बनी हुई है उल्लेखनीय है कि इस बड़े एवं जनहितैषी आम जन के लिए उपयोगी कार्यलय के मरम्मत या फिर अन्य खाली पड़े कालरी के दर्जनों भवन में शिफ्ट कर आम जन को राहत पहुंचाने का कार्य करेंगे या फिर शासन प्रशासन कुंभकर्णी निद्रा में लीन हो मदमस्त रवैया अपनाएगा यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

## मानपुर में युवक-युवती की हत्या, जंगल में मिले शव

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के दुलहरा गांव के जंगल में युवक और युवती के शव मिले हैं। इनकी पहचान दुलहरा निवासी 20 वर्षीय मनीष साहू और सिंगुड़ी निवासी 19 वर्षीय मनोरमा बारी के रूप में हुई। सूचना मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह भी घटना स्थल पर पहुंचे। उन्हें पुलिस को दोनों शव लगभग 50 मीटर की दूरी पर मिले। शवों की स्थिति से अनुमान लगाया जा रहा है कि मृत्यु लगभग दो दिन पहले हुई होगी। दोनों शव क्षत-विक्षत अवस्था में पाए गए हैं।

एक शव की सूचना पर पहुंची पुलिस को दो शव मिले। घटना की सूचना मिलते ही मानपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के लिए फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम को भी बुलाया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह के अनुसार पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

## हिंडालको महान की पहल पर विश्व मधुमक्खी दिवस कार्यक्रम आयोजित



**पोखरा, सिंगरौली, देशबन्धु।** विश्व मधुमक्खी दिवस के अवसर पर हिंडालको महान द्वारा मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहन देने हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के कलेक्टर व जिला ष्टश्वह्र को शामिल होना था, किन्हीं आवश्यक कारणों से वे उपस्थित नहीं हो सके।

कार्यक्रम में आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक मंगलेश्वर सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। उन्होंने मधुमक्खी पालन को ग्रामीण आजीविका का सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि यह न केवल आर्थिक रूप से लाभकारी है, बल्कि पर्यावरण संतुलन के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा, मधुमक्खियाँ प्रकृति की मौन कर्मठ सेवक हैं, जिनके बिना परागण की प्रक्रिया और कृषि उत्पादन दोनों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। साथ ही हिंडालको महान द्वारा प्रोसेसिंग यूनिट व सुर्यमुखी खेती में सहयोग की तारीफ की।

हिंडालको महान के ष्टस्क्र प्रमुख संजय सिंह और बीरेंद्र पांडेय ने कार्यक्रम में विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा संचालित 'जीवनोत्कर्ष' परियोजना के तहत कई गांवों में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण, उपकरण व बॉक्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

इस अवसर पर आजीविका ग्राम संगठन 'पोखरा समूह' की महिला सदस्यों को मधुमक्खियों की जैव विविधता में भूमिका और उनके संरक्षण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम की एक विशेष झलक सुर्यमुखी की लहलहाती फसलों के माध्यम से दिखाई दी, जो हिंडालको महान के ष्टस्क्र के सहयोग से स्थानीय किसानों द्वारा उगाई गई है। यह पहल न केवल मधुमक्खियों के लिए श्रेष्ठ नेक्टर स्रोत है, बल्कि सुर्यमुखी बीजों से किसानों को खाद्य तेल निकालने का नया अवसर भी प्रदान करेगी।

## युवा संगम के तहत रोजगार मेले का आयोजन, 62 आवेदकों का प्रारंभिक चयन

**सिंगरौली, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन मशानुसार जिले के बेरोजगार युवक,युवतियों की रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्?देश्य से कलेक्टर श्री चंद्र शेखर शुक्ला के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, मुख्य कार्यपालन अपर कलेक्टर पी. के. सेन गुप्ता के मार्गदर्शन में युवा संगम रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन जिला प्रशासन, रोजगार कार्यालय, सूक्ष्म एवं लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग एवं आईटीआई सिंगरौली के द्वारा संयुक्त रूप से जिला रोजगार कार्यालय, कलेक्ट्रेट परिसर बैढ़न सिंगरौली में किया गया।

रोजगार मेले में विभिन्न कम्पनियों ने सहभागिता की। मेले में अत्यधिक संख्या में महिला पुरूष आवेदकों ने उपस्थित होकर कम्पनियों में रोजगार हेतु आवेदन किये एवं काउंसिलिंग के माध्यम से मार्गदर्शन प्राप्त किया।मेले में उपस्थित 5 कंपनियों द्वारा 62 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया जिसमें से 2 महिला आवेदक लाभांवित हुई।



साथ ही 8 आवेदकों की कैरियर काउसिलिग की गई एवं उन्होंने अपने जिज्ञासु प्रश्नों के उत्तर विशेषज्ञों द्वारा प्राप्त किये।रोजगार मेले का आयोजन डिप्टी कलेक्टर देवेन्द्र द्विवेदी, जिला रोजगार अधिकारी एन. के. पटेल, महा प्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापर केन्द्र नवीन कुशवाहा, सहा. महाप्रबंधक श्री प्रशांत पाण्डेय, अनंत लक्ष्मण वाकणे सहित रोजगार कार्यालय के काउंसलर पैनल से सुदामा तथा संजीव एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी सिंगरौली की उपस्थिति किया गया।